भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

चिकित्सकों की भर्ती

बीएचईएल, भारत के प्रमुख इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम विश्व स्तर के उत्पादों और सेवाओं को प्रदान करता है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था जैसे विद्युत उत्पादन एवं ट्रांसमिशन, उद्योग, परिवहन, अक्षय ऊर्जा, रक्षा, एरोस्पेस, ऑयल एवं गैस के साथ इन क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 180 से अधिक उत्पादों का निर्माण करता है. बीएचईएल का व्यापक नेटवर्क 17 विनिर्माण डिवीजन, 04 पावर सेक्टर क्षेत्रीय केन्द्र, 08 सेवा केन्द्र, 15 क्षेत्रीय विपणन केन्द्र, 04 क्षेत्रीय कार्यालय, 03 विदेशी कार्यालय, 01 सब्सीडरी (सहायक) एवं बड़ी संख्या में परियोजना स्थलों के व्यापक नेटवर्क से भारत एवं विदेशों में फैला हुआ है. कंपनी के दुनिया भर में 80 से अधिक देशों में पदचिन्ह है और वर्ष 2016-17 में रुपये 628 करोड़ का पीबीटी एवं रुपये 28,840 करोड़ का कारोबार हासिल किया है.

भेल भोपाल, हरिद्वार, हैदराबाद, त्रिची, झांसी, रानीपेट, जगदीशपुर, बैगलोंर एवं दिल्ली/एनसीआर में अपनी इकाइयों या कार्यालयों में स्थित अस्पतालों/दवाखानों में शामिल होने के लिए इच्छुक एवं योग्य चिकित्सा पेशेवरों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है.

रिक्तियां:

Post and Scale of pay	Specialisation	Location									Total
		Bhopal	Haridwar	Hyderabad	Trichy	Jhansi	Ranipet	Jagdishpur	Bangalore	Delhi/NCR	
Senior Medical Officer (SMO) E2 Grade - Rs 29100-54500**	Medicine	2	-	-	1	-	-	-	-	-	3
	General Surgery	1	-	1	2	-	-	-	-	-	4
	Radiology	-	1	-	1	-	-	-	-	-	2
	Pediatrics	-	1	-	-	-	-	-	-	-	1
	Ophthalmology	-	1	-	-	-	-	-	-	-	1
	ENT	-	-	-	1	-	-	-	-	-	1
General Duty Medical Officer (GDMO), E1 Grade Rs 24900-50500**		3	3	-	4	2	1	1	1	2	17
Total		**6**	**6**	**1**	**9**	**2**	**1**	**1**	**1**	**2**	**29***

** ऊपर दी गई रिक्त पदों की संख्या केवल अनंतिम है तथा मूल्यांकन के दौरान यह संख्या परिवर्तित हो सकती है. इसके परिणामस्वरूप विभिन्न वर्गों / श्रेणियों हेतु आरक्षित रिक्तियों की संख्या भी परिवर्तित हो सकती हैं.*

*** 01/01/2017 से मौजूदा वेतनमान में संशोधन पुनरीक्षित हैं*

योग्यता, अनुभव और अधिकतम आयु सीमा:

Post	Qualification and Experience	Upper Age limit as on 01/03/2018
Sr.Medical Officer (SMO) - E2	MBBS degree with a Post Graduate Degree in the Speciality Concerned with **one year** of relevant post qualification experience/practice.	37 years
General Duty Medical Officer (GDMO) - E1	MBBS degree with **one year** of relevant post qualification experience/practice.	32 years

नोट : 1. एमबीबीएस/पीजी डिग्री भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए एवं उम्मीदवार को भारतीय चिकित्सा परिषद या राज्य चिकित्सा परिषद से पंजीकृत होना चाहिए.
2 . इंटर्नशिप प्रशिक्षण को कार्य अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा.

आरक्षण एवं छूट:

उपरोक्त रिक्तियां निम्नानुसार आरक्षित हैं:

Sl. No.	Unit	UR	OBC	SC	ST	Total	PwD*
1	HEP, Bhopal	03	01	02	-	6	-
2	HEEP, Haridwar	03	01	01	01	6	01 (OH)
3	HPEP, Hyderabad	-	01	-	-	1	-
4	HPBP, Trichy	05	04	-	-	9	-
5	TP, Jhansi	01	01	-	-	2	-
6	BAP, Ranipet	-	01	-	-	1	-
7	IP, Jagdishpur	01	-	-	-	1	-
8	EDN, Bangalore	-	01	-	-	1	-
9	Delhi/NCR	01	-	-	01	2	01 (OH)

UR - अनारक्षित, OBC - अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर), SC - अनुसूचित जाति, ST - अनुसूचित जनजाति.
*PwD-विकलांग व्यक्ति (OH में अक्षमता, कुष्ठ रोग, बौद्धिक एवं एसिड हमला पीड़ित शामिल है.)

1. ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित रिक्तियां केवल अन्य पिछड़ा वर्ग के उन उम्मीदवारों को होगी जो उल्लेखित सरकार के नियमों के तहत परिभाषित 'गैर क्रीमी लेयर' (एनसीएल) के तहत आते हो. ऐसे ओबीसी उम्मीदवार जो गैर क्रीमी लेयर के तहत नहीं आते है वे अपनी श्रेणी केवल सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के रूप में दर्शाए (DOPT OM No.36033/1/2013-Estt. (Res) dated 13.09.2017 द्वारा वार्षिक आय मानदण्डों में न्यूनतम संशोधन के आधार पर).
2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग, पीडब्ल्यूडी एवं भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए प्रक्रिया शुल्क के भुगतान में छूट दी गई है.
3. अधिकतम आयु सीमा में, अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए 5 वर्ष एवं ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट रहेगी. पी.डब्ल्यू.डी. उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट ग्राह्य है अर्थात सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष, अन्य पिछडा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) के उम्मीदवारों के लिए 13 वर्ष एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 15 वर्ष की छूट ग्राह्य है.

4. उपरोक्त अधिसूचित पदों में विकलांगों के लिए उपयुक्त पहचान की गई है जैसा कि विकलांगता अधिनियम (RPwd) 2016 के अधिकारो के नियमों के अनुसार दर्शाया गया है.
   (a) अस्थि बाधित विकलांगता (b) कुष्ठ रोग (c) बौद्धिक (d) एसिड हमला पीड़ित
5. पीडब्ल्यूडी के लिए आयु सीमा में छूट इस तथ्य के बावजूद देय होगी कि क्या पद विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित है या नहीं, बशर्ते पद की पहचान विकलांग वर्ग की प्रासंगिक श्रेणी के लिए उपयुक्त हो.
6. अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट उन उम्मीदवारों को दी जाएगी, जिनका अधिवास दिनांक 01/01/1980 से 31/12/1989 तक की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य में रहा हो.
7. भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट केन्द्र सरकार के नियमों के अनुसार होगी (रक्षा के क्षेत्र में कार्यकाल अवधि और 3 वर्ष).

उपलब्धियां एवं लाभ:

चयनित उम्मीदवारों को सामान्य रूप से वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर रखा जाएगा एवं एक वर्ष की अवधि के लिए प्रोबेशन (परिवीक्षा) पर रखा जाएगा. उम्मीदवार मूल वेतन (सामान्यत: वेतनमान का न्यूनतम) के अलावा, चयनित उम्मीदवार उनके मूल वेतन के 46% तक सीमित भत्तों के कैफेटेरिया, औद्योगिक महंगाई भत्ता (मूल वेतन का वर्तमान में 126.9%) एवं नॉन प्रेक्टिसिंग एलाउंस (गैर अभ्यास भत्ता) (मूल वेतन का 25%) के हकदार होगें. अन्य भत्तें एवं लाभ जैसे अवकाश, अवकाश नकदीकरण, स्वयं एवं आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, भविष्य निधि, ग्रेच्युटी, परफोरमेंस (प्रदर्शन) से संबंधित भुगतान, यूनिफार्म, रियायती दरों पर कैंटीन सुविधाएं, कंपनी के आवास या एचआरए आदि के रूप में लाभ कंपनी के नियमों के अनुसार समय - समय पर देय होगें. 01/01/2017 से प्रभावी पुनरीक्षित वेतनमान एवं भत्तें देय होगें.

चयन प्रक्रिया:

GDMO - E1 के लिए आवेदन: GDMO में यदि पद के लिए योग्य आवेदकों की संख्या रिक्त पदों की संख्या के 1:10 के अनुपात के अंदर है, तो केवल व्यक्तिगत साक्षात्कार किया जाएगा. तथापि, पद के लिए योग्य आवेदकों की संख्या 1:10 के अनुपात से अधिक है, तो सभी पात्र उम्मीदवारों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी एवं उम्मीदवारों के रिक्त पदों की संख्या का 1:8 के अनुपात में लिखित परीक्षा में उनके प्रदर्शन के वरियता क्रम के आधार पर व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा. यदि लिखित परीक्षा होती है तो GDMO के लिए अंतिम चयन पैनल लिखित परीक्षा के अंक के लिए 75% एवं साक्षात्कार के अंक के लिए 25% का वेटेज निर्दिष्ट कर तैयार किया जाएगा. लिखित परीक्षा के लिए आवेदन प्राप्त होने के पश्चात् परीक्षा केन्द्र भर्ती वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा. लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा. परीक्षा/साक्षात्कार की तारीख से संबंधित विवरण वेबसाइट https://careers.bhel.in या https://www.bhelbpl.co.in/bplweb_new/careers/index.html पर दिया जाएगा.

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के लिए आवेदन (विशेषज्ञ - E2): सभी उम्मीदवार जो पात्रता की शर्तों को पूरा करते है उन्हें व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.

E2 स्तर के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु आमंत्रित उम्मीदवारों को आने जाने का टू-टायर एसी रेल किराया एवं E1 स्तर के साक्षात्कार के लिए आमंत्रित उम्मीदवारों को स्लीपर क्लास का रेल किराया, डाक पते से या प्रारंभिक स्टेशन से साक्षात्कार की जगह सबसे छोटे मार्ग से, यात्रा के प्रमाण प्रस्तुत करने पर प्रतिपूर्ति की जाएगी. लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार मई/जून 2018 के दौरान होना संभावित हैं.

स्वास्थ्य मानक:

आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए. ज्वाइन करने से पहले, चयनित उम्मीदवारों को कंपनी की प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा परीक्षण से गुजरना होगा एवं नियुक्ति कंपनी द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों को पूरा करने पर आधारित होगी. स्वास्थ्य मानकों में कोई छूट मान्य नहीं है. कंपनी के स्वास्थ्य परीक्षण नियमों के लिए वेबसाइट https://careers.bhel.in या https://www.bhelbpl.co.in/bplweb_new/careers/index.html पर देख सकते है.

सामान्य निर्देश:

1. उम्मीदवार ध्यान से आवेदन फार्म में जाति (एससी/एसटी/ओबीसी) को भरे एवं आवश्यक प्रमाणित दस्तावेज आवेदन के साथ संलग्न करें.
2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार, यदि पद के लिए आवेदन करते है जिसमें उनसे संबंधित आरक्षित श्रेणियों में कोई रिक्तियां नहीं हैं, तो उस उम्मीदवार को सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के रूप में माना जाएगा एवं इन उम्मीदवारों के लिए कोई छूट लागू नहीं होगी.
3. उम्मीदवार कृपया यह सुनिश्चित करें कि आवेदित पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा करते है. यदि चयन प्रक्रिया एवं नियुक्ति के पश्चात् किसी भी स्तर पर यह पता चलता है कि उम्मीदवार ने झूठी या गलत जानकारी प्रस्तुत की या किसी भी प्रासंगिक जानकारी/तथ्यों को दबाया एवं पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है, तो उसका/उसकी उम्मीदवारी/सेवाएं बिना सूचना के अस्वीकृत/समाप्त कर दी जाएगी.
4. सरकारी/अर्द्ध सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करना होगा. हालांकि, कठिनाई की स्थिति में, वे सीधे अपने आवेदन भेज सकते हैं एवं चयनित होने पर उनके संगठन से कार्यमुक्ती आदेश प्रस्तुत करना होगा.
5. जिन उम्मीदवारों ने पीएसयू से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली हो और उनका यदि चयन होता है तो उन्हें वीआरएस मुआवजें की राशि संबंधित पीएसयू को वापस करनी होगी.
6. संगठनात्मक हित में कंपनी द्वारा तबादले को छोडकर पोस्टिंग के स्थान पर स्थानांतरण या बदलाव के लिए कोई भी अनुरोध सेवा के पहले पांच वर्षों के दौरान नहीं स्वीकार किया जायेगा.
7. आवश्यकता पड़ने पर बीएचईएल किसी भी वजह से आगे की सूचना या कारण बताए बिना, भर्ती प्रक्रिया में विस्तार/प्रतिबंध/रद्द करने का अधिकार रखता है.
8. दावे के किसी मामले में जो इस विज्ञापन या इसके अनुसरण में प्रस्तुत आवेदन से उत्पन्न विवाद के किसी मामले से संबंधित हो, कोई भी कानूनी कार्यवाही या प्रतिक्रिया केवल संबंधित इकाइयों, जहां आवेदन किया गया है, के शहरों/कस्बों और न्यायालयों / न्यायाधिकरणों / मंच ही को एकमात्र अनन्य अधिकार होगा.
9. किसी भी प्रकार से अधूरे आवेदन, या बिना आवश्यक संलग्नक के आवेदन, या आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त किए गये आवेदन को खारिज कर दिया जाएगा एवं इस पर कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा.

10. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह के प्रश्नों को नहीं सुना जाएगा.
11. बीएचईएल, मूल आवेदन पत्र भेजने के पश्चात् अलग से भेजे गए दस्तावेज या आवेदन शुल्क संलग्न करने की जिम्मेदारी नहीं लेगा (आवेदन कैसे करें में बिन्दु क्रमांक 3 को देखे).
12. कोई भी महत्वपूर्ण जानकारी शुद्धिपत्र/बदलाव/अपडेट एवं चयनित उम्मीदवारों की जानकारी और भर्ती प्रक्रिया के दौरान सामान्य निर्देश की जानकारी वेबसाइट के माध्यम से या उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई ई-मेल आईडी पर उपलब्ध कराई जाएगी. इसलिए, उम्मीदवार एक वैध ई-मेल आईडी उपलब्ध कराएं एवं उसे कम से कम एक वर्ष के लिए सक्रिय रखे, साथ ही साथ अपडेट के लिए हमारी वेबसाइट पर भी देखते रहे.
13. लिखित परीक्षा या साक्षात्कार में चयनित नहीं हुए उम्मीदवारों से कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा.
14. यदि विज्ञापन के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में भिन्नता पाई जाती है तो अंग्रेजी संस्करण को विश्वसनीय माना जायेगा.

आवेदन कैसे करें:

1. उपरोक्त पदों के चयन के लिए आवेदन पत्र हमारे भर्ती वेबसाइट https://careers.bhel.in या https://www.bhelbpl.co.in/bplweb_new/careers/index.html के माध्यम से केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएगें. (बीएचईएल चिकित्सक के लिंक के तहत). आवेदन की कोई अन्य विधा पर विचार नहीं किया जाएगा.
2. गैर वापसी योग्य प्रक्रिया शुल्क (300 रू) सामान्य एवं अन्य पिछडा वर्ग के- उम्मीदवारों द्वारा देय रहेगा। **अनुसूचित जाति/जनजाति, पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों एवं भूतपूर्व सौनिको को इससे छूट रहेगी।** एस.बी.आई. कलेक्ट पोर्टल के माध्यम से शुल्क राशि 300 रुपए **मैसर्स बीएचईएल भोपाल** के पक्ष में जमा कर ऑनलाइन भुगतान किया जाना है। जमा फीस का विस्तृत विवरण "Instruction" टेब के अंदर हमारी वेबसाइट www.bhelbpl.co.in पर उपलब्ध हैं। उपरोक्त शुल्क जमा करने के उपरान्त उम्मीदवार को बैंक के द्वारा एक बैंक रिफरेंस नंबर दिया जाएगा। यह नंबर उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय भरना आवश्यक है। उम्मीदवारो को सलाह दी जाती है कि वे इस बैंक ट्रांजेक्शन रसीद की एक प्रति आवेदन के समय पावती पर्ची के साथ बीएचईएल को भेंजे। भुगतान की कोई अन्य विधा स्वीकार्य नहीं होगी.
3. उम्मीदवार बीएचईएल की भर्ती वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करके आवेदन करें. सफलतापूर्वक आवेदन करने के पश्चात, उम्मीदवार सिस्टम द्वारा उत्पन्न पावती पर्ची जिसमें एक अनूठी पावती संख्या शामिल है का प्रिंट आउट आवश्यक रूप से निकाल ले. सभी आवश्यक दस्तावेजों और आवेदन शुल्क की प्रति के साथ इस पावती पर्ची को निम्न पते पर लिफाफे में "SMO (Specialisation)/GDMO के पद के लिए आवेदन" लिखकर भेज सकते है:

पोस्ट बॉक्स नं 35 ,
डाक घर पिपलानी,
बीएचईएल, पिपलानी, भोपाल - 462022 (म.प्र.)

आवश्यक दस्तावेजों का पूरा सेट अग्रेषित करने की पूर्ण जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी.

4. आवेदन करने वाले उम्मीदवार तैनाती के स्थान के लिए अपनी प्राथमिकता दे सकते हैं. वे एक या एक से अधिक विकल्पों का चयन इच्छानुसार कर सकते है.

<u>प्रमाणपत्रों की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रतियां पावती पर्ची के साथ संलग्न करें:</u>

1. दसवीं की अंकसूची (जन्म तिथि की पुष्टि हेतु)
2. योग्यता अनुसार मार्क शीट एवं प्रमाण पत्र - एमबीबीएस की डिग्री के साथ सभी सेमेस्टर की अंकसूची (सभी पदों के लिए) एवं स्नातकोत्तर डिग्री (एसएमओ के लिए)
3. मेडिकल काउंसिल पंजीकरण प्रमाणपत्र
4. समुदाय प्रमाण पत्र - अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (समय समय पर सरकारी सूचनाओं के अनुसार समुदाय प्रमाण पत्र संलग्न करें). अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) का सरकार के नवीनतम दिशा निर्देशों के अनुसार एवं किसी भी अवस्था में एक वर्ष से अधिक पुराना न हो. अन्य पिछड़ा वर्ग के संबंध में गैर क्रीमीलेयर की स्थिति के बारे में वचनपत्र प्रस्तुत करें जो कि वेबसाइट लिंक **https://careers.bhel.in:8443/bhel/static/obc_non.pdf** पर उपलब्ध है.

5. सरकारी अधिसूचना के अनुसार पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र.
6. अनुभव एवं प्रेक्टिस के प्रमाण के रूप में सर्टिफिकेट (उचित सर्विस प्रमाण पत्र के अभाव में, उम्मीदवार को नियुक्ति प्रस्ताव एवं सेवा समाप्ति का पत्र भेजना आवश्यक है, एवं सेवारत कर्मचारियों के मामले में सेवा समाप्ति के पत्र के स्थान पर नवीनतम वेतन प्रमाण पत्र/पर्ची भेजी जा सकती है).

महत्वपूर्ण दिनांक :

ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि	24/03/2018
ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	16/04/2018
प्रासंगिक दस्तावेजों सहित पावती पर्ची प्राप्त करने की अंतिम तिथि	23/04/2018